राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 119/2024

बिहार में श्रीअन्न के उत्पादन की काफी संभावनाएँ हैं –राज्यपाल

पटना, 16 जून, 2024 :– ''श्रीअन्न (मोटे अनाज–Millets) हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त उपयोगी हैं। इनके उत्पादन से मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। बिहार में श्रीअन्न के उत्पादन की काफी संभावनाएँ हैं और हमें इनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रयास करना आवश्यक है। –ये बातें माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने रविन्द्र भवन, पटना में आयोजित तीन दिवसीय मिलेट्स महोत्सव के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही।

राज्यपाल ने कहा कि हजारों वर्षों से हमारे पूर्वज श्रीअन्न का उपयोग करते थे और स्वस्थ रहते थे। उनके लिए आहार ही औषधि थी। किन्तु आज की परिस्थिति में औषधि हमारा आहार बन गया है। अपनी परम्पराओं को छोड़ने और हर चीज के लिए पश्चिम की ओर देखने की प्रवृत्ति के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति में भी ह्रास हुआ है।

राज्यपाल ने कहा कि श्रीअन्न विभिन्न रोगों के ईलाज में उपयोगी है। मोटे अनाज में पौष्टिक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाये जाते हैं और इनके उपयोग से हम अनेक बीमारियों से दूर रहते हैं। हमें मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए प्रयत्नशील है। भारत सरकार के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को इंटरनेशनल ईयर और मिलेट्स घोषित किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने मिलेट्स गीत (Millets Song) को भी लांच किया। इसे मनीषा श्रीवास्तव ने गाया है।

कार्यक्रम को माननीय कृषि मंत्री श्री मंगल पाण्डे, पूर्व सांसद श्री आर०के० सिन्हा एवं मिलेट्स मैन के नाम से मशहूर पद्मश्री डॉ० खादर वली ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर कृषि विभाग के सचिव श्री संजय अग्रवाल, ACFL मुद्रा फाइनेंस के निदेशक श्री ए०पी० वर्मा, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ० सुनील कुमार, कृषि वैज्ञानिकगण, चिकित्सकगण, किसान बंधुगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....